हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

11 चैंपियन टीचर्स की नई सोच और आधुनिक तकनीक से...



12 महेंद्रगढ़ में जनगणना 2027 की तैयारी तेज...



## बरामदे खाली करवाने के लिए दुकानदारों को जारी किया गया था नोटिस

# बहसबाजी के बीच नगर पालिका ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स के खाली करवाए बरामदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका की ओर से वीरवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। खासकर नगर पालिका ने शहर के सबसे बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानदारों द्वारा बरामदे पर किए गए कब्जे को हटाया गया। अभियान का नेतृत्व एसडीएम योगेश सैनी आईएएस द्वारा किया गया। अभियान के दौरान पुलिसबल भी तैनात किया गया था। हालांकि अधिकांश दुकानदारों ने अभियान का पता होने के चलते पहले से ही बरामदे खाली किए हुए थे, जिस दुकानदार ने कब्जा किया हुआ था, उनका चालान काटा गया। अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों के साथ नगर पालिका कर्मचारियों के साथ बहसबाजी भी देखने को मिली। हालांकि पुलिस तैनात होने के चलते बहसबाजी ज्यादा देर तक नहीं चली। अभियान के दौरान नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, एमई राजेश कौशिक, दरोगा राजेंद्र कुमार, दरोगा रिंकू उर्फ सुमित भी शामिल रहे।

बता दें कि नगर पालिका की ओर से वीरवार को शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बरामदे खाली करवाने के लिए दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। नगर पालिका ने दुकानदारों से तुंरत प्रभाव से बरामदे खाली करने करने के आदेश दिए गए हैं। अगर इसके बाद बरामदे खाली नहीं हुए तो नगर पालिका स्वयं बरामदों को खाली करवाएगी। इसके अलावा नोटिस में यह भी आदेश दिए गए थे कि अगर किसी दुकानदार का नुकसान होता है वह स्वयं जिम्मेवार होगा। नगर पालिका ने शहर के बीच में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया हुआ है।





महेंद्रगढ़। बरामदे से सामान उठाते कर्मचारी व रोड पर रखे कांउटर को खींचते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### 261 दुकानें, इनमें 29 शोरूम भी शामिल

कॉम्प्लेक्स में चार अलग-अलग फेज में लगभग 261 दुकानें हैं। इनमें 29 शोरूम भी शामिल हैं। कॉम्पलेक्स के बाहर दस फुट का बरामद बनाया गया हुआ है। यह बरामद ग्राहक एवं लोगों के आवागमन के लिए बनाया गया था। परंतु दुकानदारों ने बरामदों पर कब्जा किया हैं। हालांकि पूर्व में एसडीएम रहीं कनिका गोयल ने स्वयं फील्ड में उतरकर शॉपिंग कॉम्पलैक्स के बरामदे खाली करवाए थे। एसडीएम की बदली होने के बाद दुकानदार फिर से धीरे–धीरे कब्जा जमाने लगे हैं। इससे बाजार में चौड़ी सड़कें गली में परिवर्तित हो जाती है। अतिक्रमण को खत्म करने के लिए कॉम्पलैक्स के दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। शुक्रवार को बरामदे से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभियान को शुरू करते हुए दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवाया व कुछ सामान कब्जे में भी लिया। इस दौरान नगर पालिका कर्मियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन कभी कभार ही कार्रवाई करता है। प्रशासन के ढुलमुल रवैये के चलते अतिक्रमण करने वालों के हौसले काफी बुलंद हैं, जिसके चलते आमजन व वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती हैं। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि वह समय समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलाते रहें।

### यह जारी किया था नोटिस

शॉपिंग कॉम्पलेक्स के जिन दुकानदारों ने दुकानों के सामने बने बरामदे तुंरत प्रभाव से खाली कर दें। साथ हीं दुकानों के बाहर लगे टीनशेड, पर्दे आदि को भी तुरंत प्रभाव से हटा लें। अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना सहित जेसीबी के माध्यम से बरामदों को खाली करने और टीनशेड हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के समय आपको किसी भी तरह के आर्थिक नुकसान होने पर स्वयं जिम्मेवार होंगे।

## खबर संक्षेप

### मोहल्ला महल में रक्तदान शिविर 13 को

**नारनौल।** महल अनुसूचित जाति विकास मंच की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल को दूसरे विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। इस संबंध में मंच के महासचिव जयसिंह नारनौलिया ने बताया कि उस दिन सुबह 10 बजे मोहल्ला महल मिश्रवाड़ा नारनौल के सामुदायिक भवन में यह शिविर लगेगा। इस दौरान रक्तदाताओं के अलावा जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### सैनी आश्रम में 13 अप्रैल को भंडारा

**नारनौल।** सैनी आश्रम की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर 13 अप्रैल को नया कुआं के पास स्थित सैनी आश्रम परिसर में भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आश्रम प्रधान ओपी सैनी ने बताया कि यह भंडारा सुबह सवा 11 बजे आरम्भ हो जाएगा।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव समारोह 14 को

**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से बाबा साहेब डॉ अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव समारोह नई कचेहरी मैदान में 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे मनाया जाएगा। इस संबंध में संघ के महासचिव रामकिशन मरोडिया ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में उपजिला शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह गोठवाल रहेंगें। अध्यक्षता संघ प्रधान एवं हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम महेन्द्रगढ़ के जिला प्रबंधक राजपाल गोरा करेंगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में एलआईसी से रिटायर्ड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर रामानंद पनवाल, इंडियन बैंक रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक जिले सिंह नाहर, डीएचबीवीएन रिटायर्ड एसडीओ सतीश धानिया, हरियाणा ग्रामीण बैंक रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक कैलाश चंद जिलोहा, हरियाणा शिक्षा विभाग रिटायर्ड प्राचार्य अमरसिंह निम्होरिया व हरियाणा पुलिस इंस्पेक्टर दयानंद गोरा मौजूद रहेंगें। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों को भी संघ द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## एचएसवीपी की पहल : अब होगी पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था

# सेक्टरों को जलभराव से मिलेगी राहत: 1.20 करोड़ रुपये से बनेगा 'मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम'

- नूनी गांव मोड़ से कृष्णावती नदी तक डाली जाएगी 1.5 किमी लंबी पाइपलाइन, वर्षों की मांग के बाद जागा विभाग, 180 दिन में पूरा होगा प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के एचएसवीपी सेक्टर में वर्षों से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में अब ठोस कदम उठाया गया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा करीब 1.20 करोड़ रुपये की लागत से 'मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम' तैयार किया जाएगा। सेक्टर में बारिश के पानी की निकासी के लिए वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे हर साल लोगों को झेलनी पड़ने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है।

गौर हो कि सेक्टर में बारिश के दौरान हालात बेहद खराब हो जाते हैं। सड़कों, पार्कों और खाली प्लॉटों में पानी भरकर तालाब जैसा दृश्य बन जाता है। हालात इतने खराब बन जाते थे कि लोगों को घरों से निकलने के लिए जगह नहीं मिलती थी। कई घरों के बेसमेंट में पानी घुस जाता है, जिससे मकान मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

पानी कई-कई दिनों तक जमा रहने से बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ जाती है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। यही नहीं, जलभराव के कारण सड़कों की हालत भी खराब हो जाती है। इस समस्या को लेकर सेक्टर के लोगों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने अपनी आवाज उठाई। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान डा. आरएन यादव, पंकज देवी यादव और वर्तमान प्रधान नरेश चौधरी सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से लेकर ग्रीवेंस कमेटी तक में यह मुद्दा बार-बार उठाया, लेकिन लंबे समय तक समाधान नहीं हो पाया था।




नारनौल। उधमसिंह पार्क, जिसमें जलभराव होने से बच्चा डूबा। (फाइल फोटो)

### यह बोले अधिकारी

*हुडा सेक्टर की भौगोलिक स्थिति और पानी के बहाव को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई गई है। पाइपलाइन के जरिए पानी को सीधे नदी तक पहुंचाया जाएगा, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या कम होगी। -अमित राठी, कार्यकारी अभियंता*

### वर्षों की अनदेखी के बाद अब मिली सुनवाई

*एचएसवीपी सेक्टर के लोग इस समस्या से वर्षों से जूझते आ रहे हैं। करीब दो साल पहले जब पंकज देवी यादव प्रधान थीं, तब उन्होंने इस मुद्दे को कई बार उठाया। उस समय के ग्रीवेंस कमेटी चेयरमैन और बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने भी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तीन महीने में समाधान करने के निर्देश दिए थे, लेकिन बावजूद इसके कोई ठोस कार्य नहीं हो पाया। उस समय समस्या के समाधान की बजाय चौटाला ने सेक्टर की सड़कों के लिए तीन करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। बाद में करीब चार करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण हुआ, लेकिन जलभराव की समस्या जस की तस बनी रही। परिणामस्वरूप अगली ही बारिश में नई बनी सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।*

### जलभराव होने से पार्क में डूब चुका नौ साल का बच्चा

इस समस्या का सबसे दुखद पहलू तब सामने आया जब 16 जुलाई 2024 को सेक्टर के शहीद उधम सिंह पार्क में जलभराव के कारण धौलेड़ा गांव के हुडा में रह रहे करीब नौ वर्षीय बच्चे मनीष की डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। अब जाकर विभाग ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाया है। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनने के बाद उन्हें हर साल की इस परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

### नूनी गांव मोड़ से कृष्णावती नदी तक बनेगी निकासी लाइन

नई योजना के तहत सेक्टर के प्लॉट नंबर-एक स्थित नूनी गांव के मोड़ से लेकर कृष्णावती नदी तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी आरसीसी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस पाइपलाइन के जरिए पूरे सेक्टर का वर्षा जल एक दिशा में निकालकर सीधे नदी में पहुंचाया जाएगा। जेई दिनेश लांबा के अनुसार, यह एक मास्टर ड्रेनेज सिस्टम होगा, जिसमें पूरे सेक्टर की जल निकासी को ध्यान में रखकर डिजाइन तैयार किया गया है। जलभराव की स्थिति काफी हद तक नियंत्रित हो सकेगी। यह नूनी मोड़ से कृष्णावति नदी तक तैयार किया जाएगा।



नांगल चौधरी। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### हत्या के मामले में शव को ऑटो में डालकर फेंकने वाला गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में संलिप्त आरोपित को केशव नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रविन्द्र निवासी केशव नगर के रूप में हुई है, जिसे नौ अप्रैल को काबू किया गया। आरोपित के खिलाफ पहले भी चार मामले दर्ज हैं। आरोपित को शुक्रवार न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में दो आरोपितों मनोज व लोकेश को पहले गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता विजयपाल वासी नांगल कालिया ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने उसकी मौसी के लड़के मनोज कुमार की अज्ञात कारणों से हुई मृत्यु के संबंध में शिकायत दी थी। जिसका शव 27 नवंबर को जैनपुर सीमा के पास (नांगल चौधरी बाईपास) एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया, मेडिकल रिपोर्ट में तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के आधार पर स्पष्ट हुआ कि मृतक की मौत शरीर के विभिन्न अंगों पर चोट लगने से हुई थी। गहन तफ्तीश के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ते हुए आरोपित रविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से मृतक के शव को अपने ऑटो में डाला और उसे घटनास्थल से दूर ले जाकर नांगल चौधरी बाईपास पर डाल दिया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नारनौल।** क्रेशरों पर काम करने राजस्थान से आए एक मजदूर की नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत देने पर निजामपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित दुष्कर्मी को न केवल धर-दबोचा, बल्कि उसे कोर्ट में भी पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नसीबपुर जेल भेज दिया गया। पुलिस को दी गई शिकायत में क्रेशर मजदूर ने बताया कि वह निजामपुर क्षेत्र में लगे क्रेशरों पर काम करता है। गत आठ अप्रैल को पड़ोस में रहने वाले करीब 20 साल के एमपी के रहने वाले नामजद युवक ने उसकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा दिया तथा उसे अपने साथ ले गया। काफी तलाश करने के बाद लड़की परिजनों को अगले दिन जैनपुर क्षेत्र की सीमा के पास बरामद हुई। पीड़िता ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि उक्त युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निजामपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। निजामपुर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस को इस घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। केस रजिस्टर्ड करने उपरांत तुरंत छापेमारी की गई।

## झज्जर होते हुए दिल्ली के लिए नई रोडवेज बस चली

**विधायक ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ से झज्जर होते हुए दिल्ली के लिए नई बस सेवा का शुभारंभ क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने नारियल फोड़कर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोडवेज के जीएम देवदत्त भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि यह बस सेवा आम जनता खासकर रोजाना काम के लिए आने-जाने वाले यात्रियों, छात्रों और कर्मचारियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। क्षेत्र की जनता को बेहतर और सुगम परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। महेंद्रगढ़ बस स्टैंड को सब डिपो का दर्जा मिल गया है। आने वाले समय में लंबे रूटों पर भी चरणबद्ध तरीके से बस सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिससे लोगों को दूर-दराज के शहरों तक सीधी और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिल सके। रोडवेज जीएम देवदत्त ने बताया कि नारनौल डिपो की यह बस रोजाना सुबह सात बजे महेंद्रगढ़ से रवाना होगी। बस कनीना, नाहड़, कोसली, धारौली, सुबाना, बहादुरगढ़ और पीरागढ़ी होते हुए सुबह 11 बजे दिल्ली के कश्मीरी गेट पहुंचेगी। वापसी में बस दोपहर 12 बजे दिल्ली से चलकर शाम 4:15 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचेगी ।जीएम देवदत्त ने कहा कि महेंद्रगढ़ बस स्टैंड को सब डिपो का दर्जा मिल गया है। हमनें नई 60 बसों की डिमांड उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि लंबे समय से इस रूट पर बस चलाने की मांग चल रही थी। इस रूट पर बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

इस मौके पर रामनिवास पाटोदा, बस स्टैंड इंचार्ज हरिकिशन, अनिल भीलवाड़ा, अमर सिंह, हवासिंह, राजबीर, प्रीतम, पवन आदि स्टाफ और यात्री मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

## सड़क हादसे में नावता के नवयुवक की मौत

**पुलिस ने केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एनएच 11 पर गहली के समीप हुए सड़क हादसे में राजस्थान के एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। राजस्थान के झुंझनूं जिला के छोटी पचेरी की ढाणी नावता निवासी करीब 18 वर्षीय तनिष कुमार बाइक पर सवार होकर सिंघाना से नारनौल की ओर आ रहा था। इस दौरान गांव गहली के पास उसकी बाइक ट्रक से टकराकर एक निजी स्कूल बस से टकरा गई। इस हादसे में युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गया। हादसा होते ही आसपास के लोग वहां पर जमा हो गए, जिसके कारण वहां पर कई देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही। लोगों ने एम्बुलेंस तथा पुलिस को फोन किया।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने तनिष को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर उसके परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे तथा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## कनीना में छापेमारी कर विभिन्न स्थानों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

घरेलू गैस की सप्लाई को लेकर मच रही हाहाकार को देखते हुए खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को कनीना में छापेमारी कर विभिन्न स्थानों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। जिनका कमर्शियल रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था। इस बार में विभाग के निरीक्षक ध्यान सिंह ने बताया कि उनकी ओर से टीम का गठन किया गया था जिसमें संदीप कुमार उप निरीक्षक को भी शामिल किया गया था। पुलिस कर्मचारियों के साथ टीम ने कनीना में संचालित विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर दबिश दी जहां से घरेलू गैस सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग किया जा रहा था। 12 सिलेंडर जब्त कर जयगुरूदेव इंडेन गैस एजेंसी भडफ में जमा किए हैं। विभाग की इस कार्रवाई को देखकर बाजार में हडकंप मच गया।

- कमर्शियल रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था



कनीना। कनीना में छापेमारी कर सिलेंडर काबू करते खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारी।

### सीएम सैनी पांच मई को कुरुक्षेत्र से विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

## पात्र श्रद्धालु 15 तक कर सकते हैं सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकरण

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना : बुजुर्ग श्रद्धालुओं को कराई जाएगी श्री हजूर साहिब की निःशुल्क यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को पांच मई को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। इसके लिए पात्र श्रद्धालु 15 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। चयन प्रक्रिया 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगी, इसलिए पात्र लाभार्थी समय रहते आवेदन करें। इस यात्रा का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र में 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

डीसी ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण करवाने वाले सभी लाभार्थियों को 16 अप्रैल से पहले पुराने लघु सचिवालय में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय नारनौल में अपनी सूचना देना अनिवार्य होगा, ताकि यात्रा संबंधी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने जिले के पात्र बुजुर्गों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पवित्र धाम के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

### योजना का लाभ उठाने के लिए यह होगी पात्रता

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी), परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। आवेदक का हरियाणा का निवासी होना और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।



# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।

लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर



सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो



माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।

# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



## शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



## अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### डीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार लघु सचिवालय में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। सचिवालय में आयोजित एक बैठक के बाद उपायुक्त ने कार्यालय के बरामदे में ही बैठकर वहां मौजूद लोगों की शिकायतों को सुना।उपायुक्त ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

### सलीमपुर में रेडीनेस मेले में दिखा बच्चों का उत्साह



**मंडी अटेली।** आंगनबाड़ी केंद्र सलीमपुर में रेडीनेस मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों को सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय में प्रवेश हेतु तैयार करना तथा अभिभावकों को सरकारी आंगनवाड़ी केंद्रों में मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह व सुपरवाइजर मोनिका यादव रही। वहीं मेले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर मनीषा, सावित्री, लीलावती, संतोष, लक्ष्मी आदि मौजूद थी।

### शीनू बनी आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक

**कनीना।** कनीना की बेटी शीनू यादव ने अपनी काबिलियत का झंडा बुलंद करते हुए आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के



रूप में ज्वाइन किया है। जो कनीना के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है। कनीना के वार्ड तीन निवासी राजेश यादव की पुत्री शीनू का चयन आयकर विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर होने से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। शीनू ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

### नक्षत्र विद्यापीठ कॉलेज में सुंदरकांड पाठ आज

**महेंद्रगढ़।** कादमा रोड खुडाना में स्थित नक्षत्र विद्यापीठ कॉलेज में सोमवार को सालासर बालाजी की प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था चेयरमैन नवीन पहल ने बताया कि 11 अप्रैल की शाम को सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। इसके बाद 12 अप्रैल को सुबह हवन आयोजित होगा और सुबह 11 बजे से प्रभु इच्छा तक दाल-चूरमे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि बाबा के भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करें।

# चैंपियन टीचर्स की नई सोच और आधुनिक तकनीक से आगे बढ़ेंगे विद्यार्थी

- शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सशक्त कर रही हरियाणा सरकार
- जिला महेंद्रगढ़ में निपुण मिशन से संवर रहा बच्चों का भविष्य
- उपायुक्त ने ली जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसका सकारात्मक प्रभाव धरातल पर दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला स्तरीय संचालन समिति की एक बैठक ली। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन के तहत अब तक की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों के सीखने के स्तर (लर्निंग आउटकम) को सुधारने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि प्रत्येक बच्चा कक्षा के अनुरूप मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सके।



नारनौल। निपुण को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

### लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल करें

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने हाल ही में संपन्न हुए थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन सर्वे और सेंसस 2.0 के परिणामों का सूक्ष्म विश्लेषण किया। उन्होंने उन क्षेत्रों और विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जहाँ परिणाम अपेक्षाकृत कम रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि मेंटर्स और शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्कूलों का दौरा केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता न होकर धरातल पर शैक्षणिक सुधार लाने वाला होना चाहिए। नारनौल के 20 स्कूलों में चल रहे उपचारात्मक शिक्षण और महेंद्रगढ़ ब्लॉक के लिए तैयार की गई 45 दिवसीय विशेष कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जाए। आगामी दो महीनों की प्राथमिकताओं को बताते हुए उपायुक्त ने चैंपियन टीचर पहल और स्कूलों को गोद लेने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया। बैठक में आधुनिक शिक्षण विधियों के उपयोग के संबंध में उपायुक्त ने संपर्क फाउंडेशन और अन्य तकनीकी सहयोगियों के साथ मिलकर पढ़ाई को सरल व प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### बीईओ करेंगे नियमित निरीक्षण

जिला समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने पीपीटी के माध्यम से जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी लक्ष्यों का खाका पेश किया। उपायुक्त ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन करने की हिदायत दी ताकि महेंद्रगढ़ जिला प्रदेश में अग्रणी बना रहे। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, निगम आयुक्त रणवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक, जिला परियोजना समन्वयक अशोक कुमार, जिला समन्वयक एफएलएन डॉ. विक्रम सिंह, एसपीआईयू सदस्य स्नेहा बिष्ट, संपर्क फाउंडेशन से दुर्गा प्रसाद व मनीष कुमार सहित जिले के सभी उप-जिला शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पटीकरा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

# होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति सरल सुलभ एवं प्रभावी : बाबूलाल

- प्रतिदिन 280 से 350 मरीज स्वास्थ्य सेवाओं का उठा रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा में विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति सरल, सुलभ एवं प्रभावी है, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस पद्धति का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और प्राकृतिक एवं पारंपरिक उपचार पद्धतियों को अपनाएं। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा क्षेत्र व संस्थान में किए विकास कार्यों के बारे में सराहना की।

इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास गुर्जरवार ने बताया कि यह दिवस होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका इस वर्ष का विषय 'रिसर्च को सशक्त बनाना, कुशलता बढ़ाना' रखा गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आमजन को निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान में अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 280 से 350 मरीज स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सहदेव, डॉ. नेहा यादव, डॉ. ज्योति सिहाग व डॉ. डिंपल ने होम्योपैथी चिकित्सा के लाभ, उपयोगिता एवं विभिन्न रोगों में इसकी प्रभावशीलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



नारनौल। चेयरमैन बाबूलाल को मोमेंटो भेंट करते चिकित्सक।

### 254 मरीजों ने उठाया शिविर का लाभ

डीएमएस व कैंप के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज कौशिक ने बताया कि इस शिविर 254 मरीजों ने होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पंचकर्म, क्षारसूत्र, अग्निकर्म एवं मर्म चिकित्सा जैसी विशेष सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यहां जोडों के रोग, गठिया, पैरालिसिस, सियाटिका, स्पोंडिलाइटिस, बवासीर, भगंदर, कब्ज, गुर्दे की पथरी, चर्म रोग, मधुमेह (शुगर), एसिडिटी, उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), पेट के रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, माइग्रेन सहित अन्य पुरानी बीमारियों का निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा उपचार किया जाता है। इस शिविर में विशेष रूप से महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पाचन संबंधी समस्याएं, श्वसन रोग, जोडों के दर्द, एनीमिया नियंत्रण आदि विषयों पर परामर्श प्रदान किया।

### विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया

## रोग को जड़ से खत्म करती है होम्योपैथीः डा. अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आयुष विभाग हरियाणा द्वारा होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ. सैमुअल्स हनिमेन के जन्मदिवस पर विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला के आदेशानुसार जिला नागरिक अस्पताल में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, विशिष्ट अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा शर्मा व होम्योपैथिक मेडिकल काउंसिल सदस्य डॉ. पुष्पेंद्र आए, जिनका स्वागत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शशिबाला, डॉ अमित शर्मा, डॉ भूपेंद्र, डॉ सोनिया द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट करके किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा डॉ सैमुअल्स हनिमेन के चित्र के समक्ष पुष्पमाला अर्पित कर तथा दीप जलाकर किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शशि बाला ने शिविर में आए हुए आमजन को होम्योपैथी चिकित्सा की उपयोगिता एवं महत्व बारे जानकारी दी।

### होम्योपैथी दुष्प्रभाव रहित

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि होम्योपैथी दुष्प्रभाव रहित है और रोग को जड़ से खत्म करती है। कुछ बीमारियां जैसे त्वचा रोग जोड़ों के दर्द आदि में होम्योपैथिक का रिजल्ट बहुत ही अच्छा है। डॉ. पुष्पेंद्र ने डॉ सैमुअल्स हनिमेन के बारे में बताया कि किस तरह वह एक एलोपैथी के डॉक्टर होते हुए उन्होंने होम्योपैथी का इजाद किया था। उन्होंने महानिदेशक आयुष पंचकूला का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने होमोयोपैथिक दवाईयां व अन्य कार्यों के लिए बजट को बड़ा कर दुगना किया। अंबाला में होम्योपैथिक कॉलेज के निर्माण कार्य को गति देने का काम किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा शर्मा बताया कि होम्योपैथी सभी तरह के पुराने रोग जड़ से ठीक हो सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### आरपीएस में 'वाणिज्य क्षेत्र में स्वर्णिम भविष्य' पर हुई कार्यशाला



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जाने-माने चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और शिक्षाविदों ने शिरकत की, जिन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की राह दिखाई। विद्यार्थियों ने भी विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ उठाया और अपने करियर को लेकर नई ऊर्जा प्राप्त की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया व कॉमर्स हेड शिव कौशिक ने बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए इस प्रकार के करियर मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया और उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता सीएमए संजय आर्य ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में वाणिज्य संकाय का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल और स्वर्णिम है।

### यदुवंशी कॉलेज के जूलॉजी विभाग का विवि में उत्कृष्ट प्रदर्शन



परीक्षा में टॉप रहने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, इस परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। यदुवंशी कॉलेज के लिए यह गर्व का विषय रहा कि कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज की छात्रा निशु पुत्री मुकेश कुमार ने पूरे विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जूलॉजी विषय केवल शैक्षणिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के अध्ययन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, सीईओ तनीष राव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह आदि मौजूद थे।

### सूरज कॉलेज की छात्रा पायल विवि में प्रथम



पायल | इशिका तंवर | निधी | नेहा

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा बीएससी लाइफ साइंस तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में शानदार रहा। कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बीएससी लाइफ साइंस तृतीय सेमेस्टर में विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में चार विद्यार्थियों ने स्थान बनाया, जिसमें छात्रा पायल पुत्री अनिल कुमार आदलपुर ने 92.5 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में छात्रा ईशा तंवर पुत्री सतीश महेन्द्रगढ़ ने तीसरा, नेहा पुत्री अनिल कुमार ढाणी शोभा ने पांचवा एवं निधि पुत्री मनोज माजरा कलां सातवां स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

## श्रीकृष्णा स्कूल में ओलंपियाड विजेता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में शुक्रवार को एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गणित और हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना था। समारोह में मुख्यातिथि के चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। मिडिल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हाल ही में आयोजित गणित एवं हिंदी ओलंपियाड में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता और भाषाई पकड़ का लोहा मनवाते हुए टॉप रैंक हासिल की। इन विजेता छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। गणित ओलंपियाड में कक्षा तीसरी से आदित्य, भव्य, भाविक यादव, नव्या, दिव्या, गतिक, गुंजन, हार्दिक, हिमांशु, कुणाल, मन्नू, मानवी, मयंक, मुकुल, नक्षत्र, नमन, नव्या, प्रज्ञा, परिणीत, प्रिंस, ऋषि, साक्षी, सोनाक्षी, विस्का, विशाल और विशेष ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा पांचवीं से अभी, हर्ष, कीर्ति, लक्ष्य, माही, मन्नत, नैतिक, निकिता, प्रीत, रिया, सूर्यांश, वंशिका, विराज और यश ने अपनी गणितीय दक्षता से सबको प्रभावित करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। हिंदी ओलंपियाड़ में दूसरी कक्षा से सीया, तनुम, लोवेश, आदित्य, कक्षा तीसरी से वान्या, लक्ष्यराज, हुमेश, नक्ष, भाव्या, तनु, आदित्य, रमन, गौरव, कुणाल, सशांक, तनिष्का, मयंक, साक्षी, मानवी, चौथी कक्षा से हर्षराज, योगांत, भावेश, ईशांक, देवांश, निक्की, सोफिया, लावेन, हार्दिक, आदि ने टाप रैंक प्राप्त किया।



**महेंद्रगढ़।** विजेता विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करते हुए।

### रसायन विज्ञान पर वर्चुअल लैब इन हायर एजुकेशन पर व्याख्यान आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के रसायन विज्ञानं विभाग द्वारा आईक्यूएसी सैल के सहयोग से वर्चुअल लैब इन हायर एजुकेशन विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सेमिनार हॉल, पीजी ब्लॉक में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मुख्यवक्ता के रूप में पीजीटी रसायन शास्त्र, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधाना जिला जींद से गौरव कवात्रा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में विज्ञान विषयों में प्रायोगिक कार्यों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में किए जाने वाले प्रयोग विद्यार्थियों की समझ को गहराई प्रदान करते हैं। क्वात्रा ने वर्ष 2020 में आई कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय शिक्षा व्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ा, विशेषकर विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगात्मक कार्य एक बड़ी चुनौती बन गया था। ऐसी स्थिति में वर्चुअल लैब एक प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आई, जिसने विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से भी प्रयोगों को समझने और करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न वर्चुअल लैब टूल्स एवं तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सीमित संसाधनों की स्थिति में भी विद्यार्थी इन तकनीकों की सहायता से अपने प्रायोगिक कार्य सफलतापूर्वक कर सकते हैं।

### कन्या जन्म पर कुआं पूजन कर बढ़ाया परिवार का मान

**नारनौल।** अटेली तहसील के गांव हसनपुर (बोचड़िया) में बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत वीरमता पत्नी सोनू के परिवार में कन्या जन्म पर कुआ पूजन कर खुशिया मनाई गई। इस अवसर पर प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो प्रमुख समाज सेवी अतरलाल एडवोकेट ने नवजात कन्या लविशका की माता वीरमता तथा पिता सोनू को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया और परिवार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे सुधारवादी कार्य समाज को प्रेरणा देते हैं और समाज में बदलाव आता है। इससे बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सावित्री देवी, कमला, धर्म बाई, संतोष, चेयरमैन भाग सिंह, मदन, दानसिंह प्रजापत, निहाल सिंह, कैलाश सेठ सहित अनेक मौजीजान उपस्थित थे।



### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में कविता प्रतियोगिता आयोजित



**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी भावपूर्ण कविताओं से सभी का मनमोह लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति, प्रकृति, शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं, जिनका मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा आत्मविश्वास, उच्चारण और प्रस्तुति शैली के आधार पर किया गया। कक्षा तीन से पांच वर्ग में साक्षी कक्षा पांचवी ने प्रथम, जतिन कक्षा तीसरी ने द्वितीय तथा वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा छठी से आठ वर्ग में दीपिका कक्षा आठवीं ने प्रथम, रीतिका ने द्वितीय और यशवी व तनिषा कक्षा सातवीं ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने के लिए तीन महीनों तक चलेगा अभियान

# किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान पुनः शुरू, भ्रांतियों से दूर रहने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान पुनः शुरू किया गया है। यह विशेष अभियान आगामी तीन महीनों तक चलेगा, जिसका उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान को स्कूलों और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ रही गंभीर बीमारियों में से एक है, जो मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

इस बारे में प्राइमरी हेल्थ सेंटर की सिहमा प्रभारी डॉ. राहुल यादव ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। उन्होंने कहा कि समाज में इस टीके को लेकर फैली भ्रांतियां पूरी तरह निराधार हैं। कुछ लोग इसे भविष्य में गर्भधारण से जोड़कर गलत धारणा बना लेते हैं, जबकि वैज्ञानिक रूप से ऐसा कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वैक्सीन का प्रजनन क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। यह वैक्सीन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की एक बड़ी उपलब्धि है जो आने वाले समय में लाखों महिलाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में सहायक साबित होगी। इसलिए जरूरी है कि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और इस अभियान का लाभ उठाएं। उन्होंने प्राइमरी हेल्थ सेंटर सिहमा के अंतर्गत आने वाले गांवों के लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं ताकि उनका भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बन सके।



प्राथमिक हेल्थ सेंटर सिहमा।



डॉ. राहुल यादव

### फायरिंग व जानलेवा हमले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** जिला पुलिस की ओर से अपराध व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना सदर नारनौल पुलिस टीम ने गांव रामबास में हुई फायरिंग, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित रक्षित वासी सुरानी को नौ अप्रैल को उसके गांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं धर्मवीर पुत्र नीबूवाराम वासी ग्राम कोजिन्दा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दलीप मेरे कहने सुनने से बाहर है और मेरी कोई बात नहीं मानता है। इसलिए मैं उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चिकित्सक पर लगाए गलत इलाज के आरोप

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव नांगल मोहनपुर के 18 वर्षीय युवक की मौत होने पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक युवक पवन कुमार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से पास आउट होकर अभ्यासरत था। मृतक के पिता संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात्रि करीब 12 बजे पवन को अचानक उल्टी और पेट दर्द शुरू हुआ था। पवन कुमार को महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। पेट दर्द से आराम नहीं मिला तो ड्यूटी कर रहे डॉक्टर ने किसी अन्य डॉक्टर से फोन पर बात कर बिना किसी जांच के टीके लगा दिए।

### झंडा चौक पर आज मनाई जाएगी फूले की जयंती

**मंडी अटेली।** महान क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती अटेली के झंडा चौक पर 11 अप्रैल को मनाई जाएगी। राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश महासचिव कृष्ण तोबड़ा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर अटेली में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे झंडा चौक अटेली मंडी में सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज में व्याप्त अज्ञानता को दूर करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता के संदेश को मजबूती देने पर जोर दिया जाएगा।

### हरी खाद उगने पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**नारनौल।** प्रदेश सरकार ने मिट्टी की सेहत सुधारने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजन के तहत, सरसों और गेहूं की कटाई के बाद हरी खाद या दलहनी फैसलें उगाने वाले किसानों को एक हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि ढैंचा, मूंग, अरहर, मोठ, सोयाबीन, लोबिया, उड़द और ग्वार जैसी फसलों की बिजाई करने वाले किसान इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह राशि सीधे बैंक खाते में डीबीटी से भेजी जाएगी।

# राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 15 तक आवेदन का सुनहरा मौका

*कस्बों और शहरों में 1420 मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय संचालित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार ने राज्य के मध्यम और गरीब वर्गीय परिवारों के बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के सभी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया है। इन स्कूलों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है, जहां निजी स्कूलों जैसी उत्कृष्ट ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

बता दें कि वर्तमान में हरियाणा में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की संख्या बढ़कर 218 हो गई है। इनमें से 165 विद्यालयों को पहले ही सीबीएसई बोर्ड से



महेंद्रगढ़। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का मुख्यद्वार।

संबद्धता मिल चुकी है, जबकि शेष की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न कस्बों और शहरों में 1420 मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। इसी कड़ी में महेंद्रगढ़ की बात निःशुल्क तो यहां नौ मॉडल संस्कृति स्कूलों में भी दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन स्कूलों का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। निदेशालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो चुकी है और अब आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। दाखिले के लिए ड्रा की तिथि 16 अप्रैल तथा प्रतीक्षा सूची से दाखिला 17 अप्रैल तक होंगे। यदि सीटें खाली रहती हैं, तो 18 अप्रैल से दाखिले का दूसरा चरण शुरू होगा। अभिभावकों को आवेदन फॉर्म स्कूल मुखिया द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

#### सीबीएसई बोर्ड से पढ़ने का अवसर

*15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। सरकार की योजना के अनुसार प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को नाम मात्र के शुल्क में सीबीएसई बोर्ड से पढ़ने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए।*

#### नाम मात्र का रहेगा शुल्क

*सरकार ने इन स्कूलों के लिए एक नाममात्र का शुल्क ढांचा तैयार किया है। कक्षा 1-5 के लिए 500 रुपये और कक्षा 6-12 के लिए 1000 रुपये एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रखा है। इसके अलावा कक्षा 1-3 के लिए 200 रुपये, जबकि कक्षा 11-12 के लिए यह 500 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है या जो विद्यार्थी दिव्यांग श्रेणी में आते हैं, उनसे किसी भी प्रकार की विद्यालय विकास निधि नहीं ली जाएगी।*

#### दस्तावेजों में रखा गया लचीलापन

दाखिले के लिए मुख्य रूप से जन्म प्रमाण पत्र और रिहायश का प्रमाण, आधार या परिवार पहचान पत्र आवश्यक है। हालांकि, विभाग ने निर्देश दिया है कि किसी भी बच्चे को दस्तावेजों की कमी के कारण दाखिले से वंचित नहीं किया जाएगा। ऐसे बच्चों को 30 दिन का समय देकर अस्थाई दाखिला दिया जाएगा। इस नई पहल से प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को कम खर्चे में उच्च गुणवत्ता वाली सीबीएसई बोर्ड से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

#### कक्षावार नियम और माध्यम का विकल्प

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में पहली कक्षा में केवल अंग्रेजी माध्यम के इच्छुक विद्यार्थियों को ही दाखिला मिलेगा। गत वर्ष की तरह इस बार भी कक्षा एक में हिंदी माध्यम का कोई सेक्शन नहीं होगा। कक्षा 6वीं, 9वीं और 11वीं में सीटें रिक्त होने पर ही नए दाखिले किए जाएंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन कक्षाओं में माध्यम की कोई बाध्यता नहीं है। छात्र अपनी सुविधा अनुसार हिंदी या अंग्रेजी माध्यम चुन सकते हैं। प्रत्येक प्राथमिक स्कूल में ''बालवाटिका'' कक्षा शुरू करना अनिवार्य किया गया है, जिसका उद्देश्य नामांकन बढ़ाना है। फिलहाल बालवाटिका में कोई फीस नहीं ली जाएगी।

## एसडीएम ने प्राइवेट स्कूलों को दिए जनजागरूकता के निर्देश

# महेंद्रगढ़ में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, 16 से शुरू होगी स्वगणना प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी आईएएस की अध्यक्षता में प्राइवेट स्कूलों के संचालकों एवं प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। बैठक में एसडीएम योगेश सैनी आईएएस ने बताया कि 16 अप्रैल से जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्कूलों के माध्यम से जनगणना के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर जागरूकता रैलियां, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, स्लोगन लेखन, संगोष्ठियां, क्विज, डिबेट एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए, ताकि वे यह संदेश अपने अभिभावकों एवं समाज तक भी पहुंचा सकें और जनगणना कार्य को सफल बनाया जा सके। इस जनगणना जागरूकता



महेंद्रगढ़। संचालकों के साथ बैठक करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत 15 अप्रैल को आरपीएस स्कूल खातोद से की जाएगी। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता रैली को एसडीएम योगेश सैनी आईएएस हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एसडीएम योगेश सैनी आईएएस ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प दिया जा रहा है।

इसके तहत नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन सुरक्षित रूप से भर सकते हैं। यह पोर्टल हाउस-टू-हाउस गणना शुरू होने से पहले लगभग 15 दिनों के लिए खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी करने पर प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट 11 अंकों की एसई आईडी प्राप्त होगी, जिसे क्षेत्र में आने वाले गणक को सत्यापन के दौरान दिखाना होगा। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और इसे भारत की पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना के रूप में लागू किया जा रहा है।

एसडीएम ने यह भी जानकारी दी कि यह पोर्टल अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। जो नागरिक ऑनलाइन प्रक्रिया का उपयोग नहीं कर पाएंगे, उनके लिए पारंपरिक तरीके से गणकों द्वारा घर-घर जाकर साक्षात्कार की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस बार गणक मोबाइल-आधारित एप के माध्यम से डेटा संग्रह करेंगे, जिससे सभी सूचनाएं सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपडेट होंगी।

बैठक में जनगणना कार्यों की तैयारियों, फील्ड स्टाफ की तत्परता तथा प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया ताकि सटीक एवं प्रभावी डेटा संग्रह सुनिश्चित किया जा सके। स्व-गणना प्रक्रिया के अंतर्गत नागरिकों को पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन करना होगा, ओटीपी सत्यापन के बाद लगभग 15-20 मिनट में निर्धारित प्रश्नों के उत्तर भरकर फॉर्म सबमिट करना होगा। इसके बाद प्राप्त एसई आईडी को सुरक्षित रखना आवश्यक होगा, ताकि गणक के आगमन पर केवल सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर अजय कुमार तहसीलदार, बीईओ प्रतिनिधि सुनील कुमार, जिला अध्यक्ष, राजकीय हिंदी अध्यापक संघ महेंद्रगढ़ एवं सहायक चार्ज ऑफिसर राजेश शर्मा, जिला प्रधान हरियाणा मास्टर वर्ग संगठन दीपक कुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, नरेश सिंह कानूनगो, हरिश रोहिल्ला, तहसील कार्यालय स्टाफ सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, मुख्याध्यापक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



नारनौल। धरने पर बैठे अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# मांगों को लेकर तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे फायर कर्मी

- कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनारैल

फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने अपने कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। मंत्री विपुल गोयल के साथ हुई वार्ता विफल होने पर नाराजगी जाहिर की और सरकार पर दोगलेपन का आरोप लगाया। प्रधान गुरदयाल सिंह ने कहा कि पंचकूला में राज्य प्रधान राजिंदर सिनद और राज्य महामंत्री गुलशन भारद्वाज के नेतृत्व में मंत्री विपुल गोयल से बातचीत हुई। लगभग साढ़े 3 घंटे तक चली इस वार्ता में कोई निर्णय नहीं हो सका। राज्य प्रधान के आदेश पर हड़ताल को जारी रखने का फैसला लिया गया। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मुख्य मांग फरीदाबाद के कालकाजी लुब्रिकेंट और स्टील कंपनी में 16 फरवरी को लगी भीषण आग बुझाते समय आग में झुलसने से मारे गए दोनों फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को शहीद का दर्जा दिया जाए और उनके आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए। इन कर्मचारियों में भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह की आग में झुलसने पर मौत हो गई थी। कर्मचारियों का आरोप है कि इसी आगजनी में एक पुलिस कर्मचारी को शहीद का दर्जा और एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रधान गुरदयाल सिंह, उपप्रधान दिनेश कुमार, हवासिंह, विक्रम जोया, सुभाष, संदीप, लीलाराम, विनित यादव, सुनील, इंद्रसिंह, अजय, राकेश, अशोक, अनिल, नगर पालिका से जिला प्रधान राहुल सारवान, भूपेंद्र सारवान, प्रदेश खजांची महेंद्र संगेलिया, सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर स्कूल रेडीनेस मेला कार्यक्रम में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

शहर के वार्ड-10 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर स्कूल रेडीनेस मेला कार्यकर्ता मुकेश देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग की सुपरवाइजर सुनीता ने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया तथा खेलकूद स्पर्धाओं की उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा की सुरक्षा तथा महिला एवं बच्चों को पौषक आहार मुहैया कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए हैं। यहां 0-06 साल तक के बच्चों को पौषक आहार के साथ खेलकूद व शैक्षणिक गतिविधियां कराई जाती हैं, जिससे बच्चों को मानसिक और शारीरिक विकास करने मं मदद मिलती है। छह साल की आयू पूरी करने के बाद बच्चों को



नांगल चौधरी। बच्चों की प्रतिभा का आंकलन करती कार्यकर्ता मुकेश देवी।

स्कूल में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाता है।

नए शैक्षणिक सत्र में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रो से सैकड़ों बच्चे स्कूलों में दाखिला लेंगे। जिन्हें स्कूल में मिलने वाले माहौल तथा पढ़ाई संबंधी शेड्यूल से अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिन्हें बच्चों की रूची के अनुसार पढ़ाई कराने के लिए प्रेरित किया है। तर्क दिया कि दबाव बनाने से बच्चों में मानसिक कमजोरी उत्पन्न होगी, जिससे शारीरिक विकास पर असर पड़ेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद बंटी भार्गव, अशोक कुमार व राजू सैनी इत्यादि मौजूद रहे हैं।

# केंद्रीय विवि की बीटेक लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रम में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बीटेक-द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तकनीकी प्रोफेशनल तैयार करना है। हकेवि के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग ने बताया कि बीटेक कार्यक्रम में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बीटेक-द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है। उन्होंने बताया कि लेटरल एंट्री स्कीम में बीटेक- प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में सात, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में नौ तथा सिविल इंजीनियरिंग में सात व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में छह सीटें उपलब्ध हैं। प्रो. फूल सिंह, बीटेक लेटरल एंट्री 2026-27 के समन्वयक ने जानकारी दी कि बीटेक प्रवेश परीक्षा पहली बार तीन परीक्षा केंद्रों-केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, गुरुग्राम और चंडीगढ़-में आयोजित की जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों को व्यापक स्तर पर सुविधा प्रदान की जा सके। इनमें दाखिला प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा।

# दोचाना गांव के स्कूल में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दोचाना में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा छठीं, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक निधानियां ने विद्यार्थियों को सही तरीके से ब्रश करने की विधि, दांतों एवं मुंह की स्वच्छता बनाए रखने तथा मुख संबंधी रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के महत्व पर भी विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



नारनौल। बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दोचाना की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजली सैनी द्वारा कक्षा नौंवीं एवं 10वीं की छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम हेतु लगाए जाने वाले एचपीवी टीकाकरण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा इसके महत्व को समझाया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थी विजय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जीविका व तृतीय स्थान गीतांजलि को प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश, मोहित व मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्टी की बैठक में विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

**कनीना।** कांग्रेस पार्टी की ओर से शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कनीना के एक समारोह स्थल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सत्यवीर यादव ने की। उनकी ओर से कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यक्रमों के बारे विस्तृत चर्चा की गई। फसल खरीद कार्य में किसानों की मदद करने, आगामी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की। 15 अप्रैल को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह एवं राज्य सभा के नवनियुक्त सदस्य कर्मवीर बोध के जिले में आगमन की तैयारियों के लिए भी चर्चा की गई। बैठक में गांव-गांव, गली-गली कांग्रेस का प्रचार करने का निर्णय लिया गया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजवती यादव, उपाध्यक्ष सुमेर चेयरमैन, कुलदीप भरगढ, प्रो राजवीर, प्रदीप यादव, महासचिव रणवीर, विनोद शेखावत, प्रेम यादव, श्याम सुंदर, धीरज शर्मा, विक्रांत यादव, भगवान सिंह उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### आंबेडकर भवन में 14 को मनाई जाएगी जयंती

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती व समानता शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फूले की 200वीं जयंती 14 अप्रैल को आंबेडकर भवन में मनाई जाएगी। प्रधान अमन देवी जोरासिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि वन मंत्री राव नरवीर सिंह रहेंगे, अध्यक्षता भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक कंवर सिंह व पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, पटौदी पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता होंगे। बोर्ड की किसी भी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। भवन में मार्कशीट की प्रतिलिपि 11 अप्रैल तक जमा करवा सकते हैं।

## उपायुक्त ने संभावित हीटवेव से बचाव के लिए समय रहते पुख्ता प्रबंध करने के दिए निर्देश

# आगामी गर्मी के सीजन को लेकर जिला प्रशासन की पूर्व तैयारी

*इंसान, पशु-पक्षियों और फसलों की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी : डीसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला प्रशासन ने आने वाले समय में पड़ने वाली गर्मी और संभावित हीटवेव (लू) से निपटने के लिए अपनी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इसी कड़ी में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य भविष्य की चुनौतियों के लिए पहले से तैयार रहना है, ताकि इंसान, पशु-पक्षियों और फसलों पर गर्मी के प्रतिकूल प्रभाव को कम



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

किया जा सके। डीसी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आने वाले समय की संवेदनशीलता को देखते हुए अभी से सुरक्षा ऑडिट की प्रक्रिया पूरी कर लें। सभी विभागों को अपने अग्नि सुरक्षा उपकरणों (फायर ऑडिट) की जांच करने और उन्हें चलाने वाले कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते की गई तैयारी ही किसी भी आपात स्थिति से बचाव का सबसे कारगर तरीका है। बैठक में कृषि विभाग को निर्देश दिए गए कि वे थ्रेसिंग के दौरान होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और खरीफ की बिजाई के लिए किसानों को अभी से जागरूक करें।

#### नगर निकायों को नोडल अधिकारी नियुक्त

शहरी क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निकायों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि पार्कों में पेयजल की व्यवस्था, जगह-जगह प्याऊ और मटके रखवाने की योजना अभी से तैयार की जाए। नागरिकों को जागरूक किया जाए कि वे आने वाले दिनों में गर्मी से बचने के लिए छतों पर सफेद पेंट या चूने की लिपाई जैसे पारंपरिक तरीके अपनाएं। उपायुक्त ने ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के उपयोग और बिजली बचत पर भी जोर दिया गया। उन्होंने लेबर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए ईंट भट्ठों पर काम करने वाली लेबर के लिए छाया, शुद्ध पेयजल और चिकित्सा के सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे कर लें।